दो पल | by Reshmi Sharma

हमारे साथ दो पल तुम बिता लोगे तो क्या होगा
हमें नज़दीक तुम अपने बिठा लोगे तो क्या होगा

तुम्हारे रास्ते पे हम बिछाए खुद को बैठे हैं
उठा कर के हमें सीने लगा लोगे तो क्या होगा

ना मेरे करम अच्छे है ना मेरे भाव सच्चे हैं
मगर फिर भी हमें बाबा निभा लोगे तो क्या होगा

मेरी दीवानगी बाबा दिखावा सोचती दुनिया
अगर सच से ज़रा पर्दा हटा दोगे तो क्या होगा

मैं प्यासा हूँ ज़माने से तालाब है प्यार की तेरे
मेरी इस प्यास को माधव बुझा दोगे तो क्या होगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%8b-%e0%a4%aa%e0%a4%b2-by-reshmi-sharma/